मध्यप्रदेश शासन
योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

क्रमांकः 693 /23/योआसां/2023 भोपाल, दिनांक 10/जुलाई 2023

प्रति,

अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव
मध्यप्रदेश शासन,
शासन के समस्त विभाग,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागीय आयुक्त,
समस्त कलेक्टर मध्यप्रदेश

विषयः- सी.एम.सी.एल.डी.पी. के चयनित छात्र-छात्राओं को शासन की योजनाओं के मूल्यांकन हेतु मानदेय सहित अधिकृत किये जाने के संबंध में।

सन्दर्भः- मान. मुख्यमंत्री जी की घोषणा क्रमांक सी 1990

...

दिनांक 04 फरवरी 2023 को मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम (CMCLDP) के छात्रों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा की गई है कि "सी.एम.सी.एल.डी.पी. के चयनित छात्र-छात्राओं का शासन की योजनाओं के मूल्यांकन हेतु मानदेय सहित अधिकृत किया जावेगा।"

उल्लेखनीय है कि म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट के साथ मिलकर मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के सभी 313 विकासखंडों में सत्र 2022-23 से समाज कार्य स्नातक (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास), परास्नातक (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास) पाठ्यक्रम एवं विकास के विभिन्न आयामों पर आधारित प्रमाण पत्र एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम का संचालन प्रारंभ किया गया है।

शासन द्वारा लोक कल्याण हेतु विभिन्न जन कल्याणकारी योजनायें संचालित की जाती हैं, इन योजनाओं का उचित क्रियान्वयन होने तथा वास्तविक हितग्राहियों को लाभ प्राप्त होने की स्थिति का आंकलन कर इन योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाये जाने हेतु प्रयास किये जाते हैं। योजनाओं की प्रभाविकता का मूल्यांकन, निर्णय लेने वालों की कमियों को पहचानने में तथा वांछित उद्देश्य प्राप्ति हेतु सुधारात्मक कदम प्रारंभ करने में तथा जमीनी वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुये कार्यनीति में सुधार करने में सहायता करती है। योजनाओं के मूल्यांकन से योजना की अपर्याप्तताओं को दूर करने एवं अच्छी नीतियों की पहचान करके उन्हें सशक्त करने में भी सहायता मिलती है।

मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत प्रवेशित छात्रों को समाज कार्य की विभिन्न धाराओं यथा पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, अक्षय कृषि, सामाजिक समरसता, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य तथा विधिक विशेषज्ञता आदि का विस्तृत अध्ययन कराया जाता है तथा संबंधित विभागों की योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। इन गतिविधियों से छात्रों में विकास के समस्त आयामों की समझ विकसित होती है और छात्र शासकीय योजनाओंकी अवधारणा से लेकर क्रियान्वयन से अवगत रहते हैं तथा स्थानीय आयामों यथा भाषा, व्यवहार, शिष्टाचार में पारंगत होते हैं। इस प्रकार CMCLDP की छात्र-छात्रायें शासन की योजनाओं के मूल्यांकन कार्य में सक्षम हैं।

अतः शासन के समस्त विभागों से अपेक्षा है कि वे अपनी लोक कल्याणकारी योजनाओं का मूल्यांकन का कार्य मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम (CMCLDP) के छात्र-छात्राओं के रूप में उपलब्ध संसाधन/क्षमता से करा सकते हैं। मूल्यांकन के मापदंड एवं मानदेय संबंधित विभाग एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आपसी सहमति से निर्धारित किया जावेगा।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

7.7.23

(अशोक कुमार मालवीय)
अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन
योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग

क्रमांक: 694 /23/योआसां/2023 भोपाल, दिनांक 10/जुलाई 2023

प्रतिलिपि:-

1. राज्यपाल के सचिव, राजभवन, मध्यप्रदेश भोपाल।
2. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय, मध्यप्रदेश।
3. माननीय मंत्री/राज्य मंत्रीगण के निज सचिव/निज सहायक, मध्यप्रदेश।
4. महालेखाकार, मध्यप्रदेश, ग्वालियर/भोपाल।
5. रजिस्ट्रार, जनरल, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर।
6. शासन के समस्त विभाग, समस्त विभागाध्यक्ष, मध्यप्रदेश।
7. सचिव, लोकायुक्त, मध्यप्रदेश, भोपाल।
8. सचिव, मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग, भोपाल।
9. मुख्य सचिव के उप सचिव कार्यालय, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
10. आयुक्त, जनसंपर्क संचालनालय, मध्यप्रदेश भोपाल।
11. समस्त संभागायुक्त, समस्त कलेक्टर, मध्यप्रदेश।

07.7.23

अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन
योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग